हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, गुरुवार, 6 नवंबर, 2025

12 गुरु नानक देव जी का 556वां प्रकाश पर्व मनाया



12 पूर्व सीएम बीडी गुप्ता की जयंती पर हवन



## खबर संक्षेप

### बिजली पेंशनर्स की मासिक बैठक कल

**भिवानी।** वैश्य कॉलेज के सामने स्थित जाट धर्मशाला में हरियाणा बिजली पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन यूनिट भिवानी की जिलास्तरीय मासिक बैठक सात नवंबर को होगी, जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान बालमुकुंद बापोड़ा करेंगे। एसोसिएशन के जिला महासचिव आरके चावला ने बताया कि बैठक में चिकित्सा शिविर भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें हिसार से चिकित्सकों की टीम पेंशनर्स व उनके परिजनों के स्वास्थ्य की जांच करेगी। बैठक में 26 अक्तूबर को आयोजित सम्मान समारोह की समीक्षा भी की जाएगी तथा लाइफ सर्टिफिकेट फार्म भी वितरित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में भाग लेने वाले पेंशनर्स को अपने साथ एक पासपोर्ट साइज फोटो लाना होगा।

### हरियाणा व उत्तराखंड दिवस 9 नवंबर को

**भिवानी।** श्री बद्रीनाथ केदारनाथ सांस्कृतिक कल्याण मंडल द्वारा 9 नवम्बर को सेठ गोविंदराम टिबडेवाल सभागार दिनोद गेट में हरियाणा स्थापना दिवस एवं उत्तराखंड स्थापना दिवस का रजत जयंती समारोह बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। आयोजन महंत प्रदीप गिरी लोहारी जाटू के सानिध्य में होगा। संस्था के प्रेस प्रवक्ता राजेश बिष्ट ने बताया कि समारोह में मुख्यातिथि के रूप में सांसद धर्मवीर सिंह एवं भिवानी हलके के विधायक घनश्यामदास सर्राफ शिरकत करेंगे। वहीं कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता ठाकुर विक्रम सिंह, नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह तथा अध्यक्षता ओमप्रकाश भट्ट करेंगे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण "मां नंदा देवी डोली यात्रा" रहेगी, जो धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक होगी।

### पेंशनर्स को 30 तक देना होगा जीवन प्रमाण पत्र

**भिवानी ।** रक्षा मंत्रालय के सभी पेंशनभोगी, पारिवारिक पेंशनभोगी और परिवार पेंशन भोगियों को 30 नवंबर तक अपना डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र देना होगा, जो एक नवंबर से लिए जाने शुरू कर दिए गए हैं। जिन्होंने अपना डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र नहीं दिया है, वे अपने नजदीकी सीएससी के माध्यम से या अपने मोबाइल से जीवन प्रमाण फेस एप के माध्यम से डिजिटल रूप से जीवन प्रमाण पत्र जमा करवा सकते हैं। सेक्टर 13 स्थित रक्षा मंत्रालय के स्पर्श सेवा केंद्र के प्रभारी अधिकारी अरुण ने बताया कि डिजिटल प्रमाण पत्र देने के लिए आधार कार्ड, सर्विस पेंशन बुक, बैंक पासबुक, पेंशन और आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर साथ लेकर जाने जरूरी हैं।

### एसकेएस का तीसरा त्रिवार्षिक सम्मेलन कल

**चरखी दादरी ।** सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान यशपाल सांगवान ने बताया कि एसकेएस जिलास्तरीय त्रिवार्षिक प्रतिनिधि सम्मेलन दादरी में सात नवंबर को आयोजित किया जाएगा। दादरी जिले का यह तीसरा सम्मेलन 7 नवंबर को 10 बजे सर्व कर्मचारी संघ कार्यालय में होगा।

## गांव हरियावास व सिधनवा के बीच खुले शराब ठेके को लेकर जताया रोष

# दो गांवों के ग्रामीण शराब ठेका हटवाने के लिए धरने पर डटे

*प्रदर्शनकारियों ने शराब ठेकेदार व प्रशासन के खिलाफ की जमकर नारेबाजी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

बहल क्षेत्र के गांव हरियावास व सिधनवा के बीच खुले शराब ठेके को लेकर बुधवार को दोनों गांवों के ग्रामीणों व महिलाओं ने जमकर विरोध किया और शराब ठेके के सामने धरना दे दिया। महिलाओं व ग्रामीणों ने इस दौरान शराब ठेकेदारों व प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और तुरंत प्रभाव से शराब ठेका हटवाने की मांग की। ठेके के सामने धरने की सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारी ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण शराब ठेका हटवाने की बात पर अड़े रहे।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में बहल क्षेत्र के गांव हरियावास व सिधनवा के बीच शराब ठेकेदार ने दोनों गांवों के मुख्य मार्ग पर शराब का ठेका खोल दिया, जिसके विरोध में बुधवार को दोनों गांवों के ग्रामीणों व महिलाओं ने ठेके के सामने धरना दिया और शराब ठेकेदार व प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरने की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने कहा कि दोनों गांवों की मुख्य सड़क पर शराब ठेका खोले जाने से माहौल खराब हो रहा है, जिसे वे किसी सूरत में सहन नहीं करेंगे। ग्रामीणों ने कहा कि उन्होंने पहले ही आबकारी विभाग को अवगत करवाया था, इसके बावजूद उनकी सुनवाई नहीं हुई। बुधवार को आक्रोशित दोनों गांवों की महिलाएं व ग्रामीण ठेके के सामने पहुंच गए और शराब ठेकेदारों व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।



**भिवानी।** हरियावास व सिधनवा गांव के बीच शराब ठेके के सामने धरने पर बैठे ग्रामीण।

**छात्राएं भी इसी मार्ग से गुजरती हैं :** ग्रामीणों ने बताया कि शराब का ठेका दोनों गांवों के बीच मुख्य सड़क पर खोला गया है। इस मार्ग से दोनों गांवों के लोगो का आना-जाना रहता है, वहीं स्कूल व कॉलेज जाने वाली लड़कियां भी इसी मार्ग से गुजरती है, ऐसे में ठेके पर शराबी लोगों का जमावड़ा होने से महिलाएं अपने आपको असहज महसूस करती हैं। वहीं युवाओं पर भी गलत असर पड़ता है।

### हसान के अप्रोच खेतों के रास्ते पर था ठेका

सरपंच बिजेंद्र सिधनवा ने बताया कि पिछले वर्ष शराब का ठेका एक वर्ष के लिए हसान के अप्रोच खेतों के रास्ते पर खोला गया था। इस दौरान जगह देने वाले ग्रामीण ने अगले वर्ष ठेका नहीं रखवाने की बात कही थी और साल पूरा होते ही ठेका वहां से उठवा दिया। इसके बाद ठेकेदार ने सिधनवा व हरियावास के ग्रामीणों से बिना अनुमति लिए दोनों गांवों के मुख्य मार्ग पर शराब का ठेका खोल दिया। सरपंच ने बताया कि ठेका उठवाने के संबंध में वे डीसी, आबकारी विभाग व एसएचओ को लिख चुके हैं, इसके बावजूद ठेका खोल दिया गया।

### जल्द समाधान करवाएंगे : थाना प्रभारी

बहल थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि हमें शराब ठेके के सामने धरना देने व विरोध जताने की सूचना मिली थी। यहां आकर पता चला कि हरियावास व सिधनवा गांव के बीच शराब ठेका खोला गया है, जिसका ग्रामीण विरोध कर रहे हैं। उन्होंने धरने पर बैठे ग्रामीणों से बात की है और उन्हें समझाया है तथा ठेकेदार, आबकारी विभाग व प्रशासनिक अधिकारियों से बात कर जल्द समाधान करवाया जाएगा।

# किसान दलीप के हत्यारोपी दो दिन बाद भी काबू नहीं

सोमवार को खून से लथपथ मिला था शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल



किसान दलीप का फाइल फोटो।

सोमवार रात को हुई किसान दलीप की हत्या के मामले में दो दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पाई है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने बेशक हत्या का केस दर्ज कर लिया है, पर अभी तक आरोपितों के नाम उजागर नहीं किए है। पुलिस ने आरोपी लोगों के अलावा भी बुधवार को कुछ अन्य लोगों से पूछताछ की है। संभव है कि पुलिस को मामले में कुछ अन्य लोगों के भी शामिल होने का अंदेशा है।

पुलिस ने मौका ए वारदात से जानकारी जुटाने के अलावा भिवानी रोड के सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाला है। मृतक के मोबाइल की कॉल डिटेल को भी आधार मानकर पुलिस कॉल डिटेल पर अलग से काम कर रही है। इसके अलावा पुलिस के उच्च अधिकारियों ने बुधवार को मृतक के परिजनों से पूरी जानकारी ली जिसमें उसकी पिछले दिनों हुए लड़ाई झगड़ों से लेकर खेत में काम करने के दौरान उससे मिलने वाले लोगों के बारे में पूरी जानकारी जुटाई। पुलिस को अनुमान है कि वारदात में कुछ दूसरे लोग भी शामिल हो सकते हैं जो किसी बात को लेकर किसान दलीप से रंजिश रखते हो।

### बुधवार को 11 बजे हुआ अंतिम संस्कार

मंगलवार रात करीब दस बजे मृतक दलीप का सेना में सेवारत पुत्र सचिन कोयंबटूर से बहल पहुंचा और उसके बाद बुधवार को दिन में करीब 11 बजे मृतक दलीप के शव का अंतिम संस्कार किया गया। किसान दलीप के अंतिम संस्कार में कस्बे के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। आक्रोशित लोगों ने कहा कि बहल कस्बा हमेशा शांतिप्रिय क्षेत्र माना जाता है, ऐसे में हत्या जैसी जघन्य वारदात लोगों को विचलित करने वाली घटना है। पुलिस मामले का अतिशीघ्र खुलासा करके दोषी लोगों को पकड़े।

### शिवकुमार बने रेल अंडरपास महापंचायत के प्रधान

**भिवानी।** रेल अंडरपास महापंचायत संस्थापक प्रधान कैप्टन राजेन्द्र सिंह जांगड़ा एवं रोहतास वर्मा संयोजक की संयुक्त अध्यक्षता में 27 फुटा रोड स्थित कार्यालय में वार्षिक आम सभा का आयोजन किया, जिसमें नई कार्यकारिणी का चयन किया। बैठक में सर्वसम्मति से शिवकुमार गोठवाल को प्रधान, सुखबीर सिंह चौहान को महासचिव, मनीष बंसल एवं रमेश वर्मा भानगढ़ को उपप्रधान तथा रामशरण ठेकेदार को कोषाध्यक्ष बनाया। वहीं संरक्षक दिनेश सिंह तंवर बनाए गए। प्रेस सचिव पद पर कुलदीप सिंह तंवर को चुना। इस दौरान पारित प्रस्ताव में लड़कियों के पढ़ने के लिए स्कूल, राष्ट्रीय बैंक की शाखा और एटीएम खोला जाए, सड़कों एवं गलियों के नाम और नंबर लगवाए जाएं।

# नशा तस्कर को 5 साल कैद, 20 हजार जुर्माना

- बापोड़ा निवासी व्यक्ति से सुल्फा व अफीम बरामद हुई थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



मादक पदार्थ के साथ पकड़े जाने के मामले में दोषी साबित करते हुए आरोपी को कैद व जुर्माना की सजा सुनाई है। 5 नवंबर 2023 को सहायक उप निरीक्षक मुकेश कुमार अपनी टीम के साथ गांव बापोड़ा में मौजूद थे। उन्होंने दुकान के सामने से एक व्यक्ति को मादक पदार्थ अफीम व सुल्फा के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की थी। गिरफ्तार किए आरोपी से पुलिस टीम ने 102 ग्राम सुल्फा व 80 ग्राम अफीम को बरामद किया था। इस मामले में आरोपी के विरुद्ध अभियोग दर्ज किया था। अब न्यायालय के द्वारा आरोपी नरेश उर्फ नेशी पुत्र गोपीराम निवासी बापोड़ा को धारा 18(c) एनडीपीएस एक्ट में पांच वर्ष कैद व दस हजार रुपये जुर्माना व धारा 20(b) एनडीपीएस एक्ट के तहत पांच वर्ष कैद व दस हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माना न भरने पर आरोपी को अतिरिक्त कारावास की सजा काटनी होगी।

# वोट चोरी के विरोध में कांग्रेसियों ने निकाला शहर में कैंडल मार्च

*राहुल गांधी का हरियाणा चुनाव में वोट चोरी का दावा, कांग्रेसियों ने की कार्रवाई की मांग*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी




**भिवानी।** शहर में कैंडल मार्च निकालते कांग्रेस कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा प्रेस कान्फ्रेंस में वोट चोरी का मामला उठाए जाने के बाद पूरे प्रदेश में कांग्रेसियों ने जगह-जगह विरोध प्रदर्शन किए। इसी कड़ी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर में कैंडल मार्च निकाला। उन्होंने पुराना बस अड्डा पर एकत्रित होकर शहर में कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च की अगुवाई कर रहे कांग्रेस के शहरी अध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा पहले दिन से ही कहते आ रहे हैं कि हरियाणा में वोट चोरी से भाजपा ने सत्ता हथियाई है, अब इसका खुलासा राहुल गांधी ने भी किया है।

गुलिया ने आरोप लगाया कि ब्राजील की मॉडल का फोटो लगाकर हरियाणा की वोटर लिस्ट में 10 बूथों पर अलग-अलग 22 मत बनवाए हैं। आरोप लगाया कि एक ही फोटो के साथ एक बूथ पर 223 वोट बनवाए गए हैं। एक ही घर में 501 वोट तक बने हैं, वो घर फाइलों में है, धरातल पर नहीं हैं। पूरे राज्य में एक लाख 24 हजार 177 फर्जी तस्वीरों वाले वोटर बनाए गए हैं। इसके अलावा हरियाणा और उत्तरप्रदेश में दोनों जगह वोट बनवाए गए हैं, जिनमें कई भाजपा के कार्यकर्ता और नेता भी शामिल हैं। इससे सच लोगों के सामने आ गया है और भाजपा सरकार की पोल खुल गई है। गुलिया ने कहा कि वोट चोरी लोकतंत्र के साथ विश्वासघात है, कांग्रेस कार्यकर्ता इसे कभी सहन नहीं करेंगे। इस अवसर पर कमल सिंह प्रधान, एडवोकेट सत्यजीत पिलानिया, अशोक बुवानीवाला, रूपेंद्र ग्रेवाल, ईश्वर मान, अनूप बडेसरा, सुरेश प्रजापत, दिपेश सारसर, दिनेश कौशिक, समीर खटीक, रजत वाल्मीकि, विरेंद्र बोपोड़ा, लक्ष्मण वर्मा, बलबीर सरोहा आदि मौजूद रहे।

## एशियाई मास्टर एथलीट चैंपियनशिप में जयसिंह ने जीता गोल्ड मेडल



**भिवानी।** पूर्व जिला खेल अधिकारी जयसिंह कालीरामण अपना मेडल दिखाते हुए।

**भिवानी।** पूर्व जिला खेल अधिकारी व बाबा भैरूनाथ स्पोर्ट्स एसोसिएशन एकेडमी, चौधरी खेमचन्द स्टेडियम बुसान के इंचार्ज जयसिंह कालीरामण ने 65 वर्ष की आयु में गोल्ड मेडल जीतकर एक बार फिर भिवानी का नाम रोशन किया है। 23वीं एशियाई मास्टर एथलीट चैंपियनशिप, चेन्नई में 5 से 9 नवंबर तक आयोजित की जा रही है। कोच जयसिंह कालीरामण ने पहले ही दिन भिवानी का नाम रोशन कर शॉटपुट में गोल्ड मेडल जीत लिया। पूर्व जिला खेल अधिकारी जयसिंह कालीरामण का गांव बुसान है, उनकी जीत से गांव व जिला में खुशी का माहौल बना हुआ है। जयसिंह को बाबा पूर्ण नाथ, खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों ने शुभकामनाएं दी और कहा कि आज के युवा को उनसे प्रेरणा लेकर नेश से दूर रहना चाहिए तथा खेलों व अन्य गतिविधियों में भाग लेकर माता-पिता व क्षेत्र का नाम रोशन करना चाहिए।

# यातायात पुलिस ने की स्कूल बसों की जांच, कैमरे लगाने के निर्देश

*स्कूल बस चालकों की आंखों का समय-समय पर चेकअप जरूरी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



**भिवानी।** स्कूल बसों का निरीक्षण करती यातायात पुलिस। *फोटो : हरिभूमि*

डीएसपी दिनेश यादव और यातायात थाना प्रबंधक ने स्कूल बसों का कड़ी जांच-पड़ताल की और चालकों को यातायात नियमों की पालना के सख्त निर्देश दिए। यह प्रयास विद्यार्थियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने और स्कूल परिवहन प्रणाली को सुरक्षित बनाने के लिए किया गया है।

निरीक्षण के दौरान बसों की तकनीकी स्थिति, चालक के वैध लाइसेंस, बसों में सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता और यातायात नियमों के पालन पर विशेष ध्यान दिया गया। पुलिस टीम ने बस चालकों को गति सीमा का पालन, सीट बेल्ट उपयोग और अन्य सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल संचालकों को कहा कि स्कूल बस चालकों की आंखों का समय-समय पर चेकअप करवाया जाए। सभी बस चालक अपनी ड्रेस में बस चलाएं व बस में फर्स्ट एड बॉक्स जरूर रखें। डीएसपी ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

## बिधनोई व नुनसर गांव के बीच सड़क हादसे में महिला की मौत



**भिवानी।** सड़क हादसे में जान गंवाने वाली मृतक महिला। फोटो : हरिभूमि

**बहल।** कस्बे के बिधनोई व नुनसर गांव के बीच भिवानी रोड पर सोमवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। राजस्थान के जिला चुरु के गांव भोजाण निवासी मुकेश पुत्र मांगेराम और उनकी मां कमला देवी बाइक पर सवार होकर खापड़वास गांव में रिश्तेदारी से लौट रहे थे, तभी सामने से आ रही कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने तुरंत उन्हें स्वास्थ्य अस्पताल बहल पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर होने पर राजगढ़ (चुरु) रेफर कर दिया। रास्ते में ही महिला कमला देवी की मौत हो गई, जबकि मुकेश को गंभीर चोटों के चलते हिसार के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।घटना के संबंध में मृतका के रिश्तेदार जयचंद पुत्र ओमप्रकाश निवासी भोजाण, जिला चुरु ने थाना बहल में लिखित शिकायत देकर कार चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।शिकायत के आधार पर थाना बहल पुलिस ने विभिन्न धाराओ के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

**रोष** क्रशर में नियमों की अवेहलना पर युवाओं ने सौंपा ज्ञापन

# खानक में क्रशर से फैला वायु प्रदूषण, बढ़ रहीं बीमारियां

- धूल से फसलों पर भी पड़ रहा प्रतिकूल असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम



**भिवानी।** एसडीएम को ज्ञापन सौंपने जाते युवा। फोटो : हरिभूमि

गांव खानक के डॉ. बीआर अंबेडकर युवा विकास मंच, ग्राम पंचायत, युवा एकता संगठन तथा अन्य युवा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर तोशाम के एसडीएम कार्यालय पहुंचे तथा एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बताया कि गांव खानक में गत 2 सितंबर से लागू हुए क्रशर यूनिट से संबंधित गजट नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। उनका आरोप था कि गांव के आसपास संचालित अधिकांश क्रशर यूनिट द्वारा इन नियमों की खुलेआम अवहेलना की जा रही है, जिससे धूल, ध्वनि एवं वायु प्रदूषण गांव में बहुत अधिक बढ़ गया है, जिससे ग्रामीणों के स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं कृषि फसलों पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि क्रशर यूनिट द्वारा चारदिवारी की ऊंचाई का उल्लंघन किया जा रहा है, जिसके तहत निर्धारित 20 फीट ऊंची चारदीवारी होनी चाहिए।

### पानी का छिड़काव करवाना जरूरी

इसके अलावा ड्रिल मशीनों एवं कन्वेयर बेल्ट पर फव्वारे लगाए जाने चाहिए थे, लेकिन किसी ने भी यह प्रावधान नहीं किया। क्रशर यूनिट परिसर में नियमित उच्च दबाव वाले पानी से छिड़काव नहीं किया जा रहा है, जिससे वायु में धूल का स्तर बहुत अधिक बढ़ गया है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि क्रेशर यूनिट वालों की लापरवाही के चलते गांव का वातावरण अत्यधिक प्रदूषित हो चुका है, ग्रामीणों को सांस लेने में कठिनाई, आंखों में जलन तथा अन्य स्वास्थ्य समस्याएं हो रही हैं और गांव में टीबी और सिलिकोसिस जैसी गंभीर बीमारी फैली हुई है। इस अवसर पर चिर्णू, वेदप्रकाश प्रधान, अजय, अंकित, संजीव, रवि, बिंटू, संदीप आदि मौजूद थे।

# वैश्य कॉलेज एलुमनी एसोसिएशन के चुनाव में सर्वसमाज का पैनल तैयार

*वैश्य महाविद्यालय भिवानी एलुमनी एसोसिएशन के चुनाव 23 नवंबर को*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** वैश्य कॉलेज एलुमनी एसोसिएशन चुनाव के लिए तैयार पैनल के सदस्य।

वैश्य महाविद्यालय भिवानी एलुमनी एसोसिएशन के चुनाव 23 नवंबर को होने निश्चित है। इसके संदर्भ में सर्वसमाज की बैठक का आयोजन किया और बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेकर आगामी चुनाव के लिए सभी 11 पदों पर प्रत्याशियों का पैनल तैयार किया, जिसमें सर्वसम्मति से प्रधान पद के लिए प्रोफेसर अनिल तंवर उर्फ पिंकी प्रधान, महासचिव पद के लिए मुकेश बंसल, उपप्रधान पद डॉ. विष्णुकांत शर्मा, कोषाध्यक्ष पद के लिए पूर्व पार्षद बलवान प्रधान का नाम तय किया। कार्यकारिणी सदस्य के लिए पंकज कसेरा, पीयूष अग्रवाल, नरेंद्र शर्मा के नामों पर सहमति जताई। बैठक में वैश्य महाविद्यालय छात्र संघ के पूर्व प्रधान कमल सिंह, बार एसो. के प्रधान सत्यजीत पिलानिया, सुरेंद्र सिंह टीटू, बलवान सिंह, अनिल तंवर, कौशल भारद्वाज, नरेंद्र शर्मा, मुकेश बंसल, सीए ललित नहाडिया, मोतीलाल लखोटिया, लाखन सिंह, विष्णु कांत, पीयूष अग्रवाल, पंकज कसेरा, सन्नी पहलवान, हरिस्वरूप सिंह, ललित मित्तल, यशपाल मेहता व प्रवीण उपस्थित थे।



डॉक्टर्स सजेशन

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब बॉर्डर लाइन पर हो शुगर लेवल



**मेरी उम्र 52 वर्ष है। मेरा ब्लड शुगर लेवल बॉर्डर पर रहता है। मैं अपनी डाइट और लाइफस्टाइल कैसी रखूं, जिससे भविष्य में भी डायबिटीज से बचा रहूं?**

**-नामदेव, डोंगरगढ़**

इसके लिए आपके खान-पान में बदलाव सबसे ज्यादा जरूरी है। खाने में मीठा लेना बिल्कुल बंद कर दें। साथ ही चावल, आलू और मैदा की चीजें खाने से बिल्कुल बचें। तली-भुनी चीज भी कम से कम खाएं। सुबह-शाम नियमित रूप में आधे घंटे एक्सरसाइज करें। एक्सरसाइज ऐसी हो, जिससे आपको पसीना निकले। इस तरह बदलाव करके आपको राहत मिल सकती है।

**मेरी उम्र 44 वर्ष है। मैं दो वर्षों से बीपी की दवा ले रहा हूं। लेकिन फिर भी बीपी 90/140 रहता है। क्या यह नॉर्मल है? मुझे क्या करना चाहिए?**

**-विनीत, कुरुक्षेत्र**

वैसे इस बीपी रेंज को आजकल की लाइफस्टाइल में नॉर्मल बोला जाता है, लेकिन यह और कम हो तो ज्यादा बेहतर है। इसके लिए आप खाने में नमक की मात्रा कम करें। साथ ही ऊपर से नमक वाली चीजें जैसे अचार, चटनी, पापड़ खाने से परहेज करें। अधिक तला-भुना और बाहर की डिशेज भी खाना कम कर दें। इस तरह बदलाव से आपको और थोड़ी राहत मिल सकती है।

**मेरी उम्र 66 वर्ष है। मुझे दो-तीन महीने से दिन में किसी समय भूख नहीं लगती है। खाना ना खाने से कमजोरी महसूस होने लगी है, प्लीज बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-ओंकार, भोपाल**

भूख क्यों नहीं लगती, आप इस बात पर गौर करें। क्या आपका डाइजेशन सिस्टम ठीक नहीं है? अगर ऐसा है तो आपको पहले अपना डाइजेशन सिस्टम ठीक करना होगा। इसके लिए खाने में हल्की चीजों के साथ में दही और सलाद लेना होगा। अगर ऐसा नहीं है और भूख कम लगने के साथ सुस्ती भी महसूस होती है तो एक बार आपको डॉक्टर से संपर्क कर जांच करवा लेनी चाहिए।

**मेरी उम्र 39 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरे पेट के निचले हिस्से में हल्का दर्द होता रहता है। खाने के बाद बढ़ जाता है। प्लीज बताएं ऐसा क्यों हो रहा है?**

**-चंदन, बिलासपुर**

आपको किसी डॉक्टर से संपर्क कर पेट का अल्ट्रासाउंड कराना चाहिए, जिससे पता चलेगा कि कारण क्या है? आप बता रहे हैं कि खाने के बाद दर्द निचले हिस्से में होता है। हालांकि कई बार संक्रमण की वजह से भी ऐसा होता है। लेकिन बगैर जांच किए कुछ भी कहना ठीक नहीं है। फिलहाल अधिक ऑयली खाना बिल्कुल बंद कर दें।

**मेरी उम्र 28 वर्ष है। मेरा वजन 90 किलो है। कृपया अपना वेट नॉर्मल करने का कोई कारगर उपाय बताएं।**

**-राजवीर, जबलपुर**

आपका वजन बहुत ज्यादा है। आपको एक बार अपनी बीएमआई यानी बॉडी मास इंडेक्स चेक करा लेना चाहिए। इसके साथ ही खाने-पीने में आपको ध्यान देना चाहिए। अधिक तला-भुना खाना और चावल, आलू, मैदा की चीजों के सेवन से बिल्कुल बचें। रात में हल्का खाना खाएं। कोशिश करें कि गेहूं के आटे की रोटी कम खाएं। इसकी जगह मिलेट्स का आटा खाएं। वह फायदेमंद रहेगा। खाने में फल और सलाद भी शामिल जरूर करें। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**



डॉक्टर्स एडवाइस

डॉ. अशोक कुमार वैद
चेयरमैन-मेदांता कैंसर इंस्टीट्यूट
मेदांता-दि मेडिसिटी, गुरुग्राम

कुछ समय पहले तक कैंसर को लाइलाज बीमारी माना जाता था। लेकिन अब ऐसा नहीं है। समय रहते अगर इसका पता चल जाए तो नई मेडिकल तकनीकों के जरिए पूरी तरह इसका ट्रीटमेंट संभव है। लेकिन इसके लिए अवेयर रहना बहुत जरूरी है। कैंसर अवेयरनेस मंथ (नवंबर) के अवसर पर कैंसर के कारण, उसके लक्षणों, उपचार और बचाव के बारे में यहां एक्सपर्ट डॉक्टर विस्तार से बता रहे हैं।

# बरतें सावधानी-रहें जागरूक संभव है कैंसर से बचाव-उपचार



- *दुनिया भर में होने वाली मौतों में हृदय रोग के बाद, कैंसर दूसरा सबसे बड़ा कारण है।*
- *भारत में हर साल करीब 14 लाख नए कैंसर के मामले सामने आते हैं और लगभग 7.5 लाख लोगों की मृत्यु कैंसर से होती है।*
- *देश में लगभग 80% मरीजों का इलाज तब शुरू होता है, जब रोग तीसरे या चौथे चरण में पहुंच चुका होता है।*

अब वे दिन नहीं रहे, जब कैंसर को मौत की पूर्व चेतावनी माना जाता था। ऐसा इसलिए, क्योंकि पिछले दो दशकों में कैंसर की जांचों और इसके इलाज के क्षेत्र में जो अभूतपूर्व बदलाव हुए हैं, उनके कारण इससे छुटकारा पाने और पुनः स्वस्थ होने की संभावनाएं अतीत की तुलना में अब काफी हद तक बढ़ गई हैं। लेकिन ऐसा तभी हो सकता है, जब लोग इसको लेकर अवेयर रहें।

## क्यों होता है कैंसर

अमेरिकन कैंसर सोसायटी के अनुसार, कैंसर तब होता है जब शरीर की कोशिकाओं के डीएनए में बदलाव आ जाता है। यह बदलाव कोशिकाओं की सामान्य वृद्धि रोक देता है और वे अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती हैं, जिससे ट्यूमर बनता है। धीरे-धीरे यह ट्यूमर आस-पास के ऊतकों या दूसरे अंगों में फैल सकता है।

## लक्षणों पर ध्यान दें

कैंसर के शुरुआती लक्षण इस प्रकार के हो सकते हैं-

- किसी मामूली से घाव या जख्म का लंबे समय तक न भरना।
- बिना किसी बीमारी या वजह के लगातार वजन घटना (6 महीनों में 10% से अधिक)।
- शरीर में किसी भी स्थान पर कोई कठोर या बढ़ती हुई गांठ महसूस होना।
- बिना कारण बार-बार बुखार या खून की कमी (एनीमिया) होना।
- मल या पेशाब में अकसर खून आना।
- लगातार थकान, भूख कम लगना या पेट में भारीपन।
- तिल या मस्से का आकार या रंग बदलना।



इनमें से कोई भी एक या अधिक लक्षण दिखें तो तुरंत डॉक्टर से परामर्श करें।

## जीवनशैली का कैंसर से संबंध

वैज्ञानिकों के अनुसार, सिर्फ 5-10% कैंसर ही आनुवंशिक कारणों से होते हैं। लगभग 30–50% कैंसर को रोका जा सकता है, अगर हम अपनी जीवनशैली की आदतों को सुधारें।

**जंक फूड्सः** अपने खान-पान में संतुलित आहार जैसे साबुत अनाज, दाल, दूध, हरी सब्जियों और मौसमी फलों आदि के स्थान पर जंक फूड्स और पैकेज्ड फूड को लंबे समय तक वरीयता देना कालांतर में पेट के किसी भाग में या फिर बड़ी आंतों (कोलन) के कैंसर के खतरे को बढ़ा देता है।

**धूम्रपानः** धूम्रपान से शरीर में ऐसे तमाम केमिकल्स, फेफड़ों में जाते हैं, जो कालांतर में जींस में गड़बड़ी उत्पन्न कर सकते हैं और यह स्थिति एक अर्से बाद कैंसर का जोखिम बढ़ा देती है। फेफड़ों के कैंसर का एक प्रमुख कारण धूम्रपान है।

**तंबाकू चबानाः** किसी भी रूप में तंबाकू उत्पादों का सेवन मुंह, गाल, जीभ के अलावा गले के कैंसर के जोखिम को बढ़ा देता है।

**शारीरिक श्रम-व्यायाम न करनाः** जो लोग अपनी दिनचर्या में शारीरिक श्रम और व्यायाम को नियमित रूप से शामिल नहीं करते, वे कालांतर में मोटापे से ग्रस्त हो जाते हैं। मोटापा कालांतर में कैंसर का एक प्रमुख कारण बन सकता है, क्योंकि यह शरीर की जेनेटिक संरचना और शरीर के कुछ अंगों पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। सिटिंग जॉब या बैठकर काफी समय तक काम करना जैसे कंप्यूटर, लैपटॉप, स्मार्टफोन पर काफी वक्त बिताना आदि स्थितियां कालांतर में मोटापे का कारण बनती है। स्तन, गर्भाशय और बड़ी आंत के कैंसर का एक कारण मोटापा हो सकता है।

**वायु प्रदूषणः** इससे फेफड़ों के कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं। देश के अनेक महानगरों और छोटे नगरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एयर क्वालिटी इंडेक्स) दिनोंदिन खराब होता जा रहा है जिस सूचकांक को 100 के अंदर होना चाहिए वह 300 के पार जा रहा है। यह लोगों के फेफड़ों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। यह स्थिति कालांतर में फेफड़ों के कैंसर के खतरे को बढ़ा देती है।

**शराब का सेवनः** अकसर शराब का सेवन करना, एक वक्त के बाद कैंसर के जोखिम को बढ़ा देता है।

## कैंसर ट्रीटमेंट के तरीके

पिछले दो दशकों में कैंसर के इलाज में जबरदस्त प्रगति हुई है। अब कई प्रकार के कैंसर शुरुआती चरण में पूरी तरह ठीक हो सकते हैं।



**सर्जरीः** ट्यूमर को निकालने के लिए इसे यूज करते हैं।

**कीमोथेरेपीः** नई दवाओं से अब इसके साइड इफेक्ट कम हुए हैं।

**रेडिएशन थेरपीः** अब गामा नाइफ और साइबर नाइफ जैसी आधुनिक तकनीकें मौजूद हैं।

**टारगेटेड थेरपीः** केवल कैंसर कोशिकाओं को निशाना बनाकर नष्ट किया जाता है, स्वस्थ कोशिकाएं सुरक्षित रहती हैं।

**इम्यूनोथेरेपीः** शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत कर कैंसर कोशिकाओं से लड़ने में मदद करती है। अगर पहले या दूसरे चरण में कैंसर का पता चल जाए, तो इन विधियों से लगभग 80% मामलों में सफल इलाज संभव है।

## इन बातों पर दें ध्यान

- ब्रेस्ट कैंसर की रोकथाम के लिए ब्रेस्ट सेल्फ एग्जामिनेशन स्क्रीनिंग और मैमोग्राफी 40 साल की उम्र के बाद साल में एक बार हर महिला को जरूर करवानी चाहिए।
- मुंह के कैंसर की जांच साल में एक बार डॉक्टर से परामर्श लेकर वे लोग अवश्य करवाएं, जो किसी भी रूप में तंबाकू का सेवन या धूम्रपान करते हैं।
- प्रोस्टेट कैंसर (जो पुरुषों में होता है) की जांच के लिए पीएसए नामक ब्लड टेस्ट कराया जाता है। आमतौर पर 65 वर्ष के ऊपर के व्यक्तियों को इस टेस्ट को डॉक्टर के परामर्श से कुछ अंतराल पर कराते रहना चाहिए।
- शरीर में किसी भी स्थान पर और खासतौर पर महिलाओं के ब्रेस्ट्स में गांठ या अन्य प्रकार की असामान्यता महसूस होने पर शीघ्र अपने डॉक्टर से परामर्श लें। इसमें देर करना ट्रीटमेंट के प्रोसेस को बढ़ा सकता है। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**

### कैंसर से जुड़ी गलतफहमियां

कैंसर के बारे में कई मिथ्स प्रचलित हैं। इनकी सच्चाई जानना सभी के लिए जरूरी है।

**मिथकः** कैंसर छूने से फैलता है।
**फैक्टः** कैंसर कोई संक्रामक रोग नहीं है। यह एक व्यक्ति से दूसरे में नहीं फैलता।
**मिथकः** सर्जरी से कैंसर फैल जाता है।
**फैक्टः** वैज्ञानिक रूप से यह बिल्कुल गलत है। सर्जरी करवाने से कैंसर नहीं फैलता।
**मिथकः** बच्चों को कैंसर नहीं होता है।
**फैक्टः** दुर्लभ होते हुए भी बच्चों में भी कैंसर हो सकता है, प्रायः आनुवंशिक कारणों से।
**निष्कर्षः** कैंसर अब लाइलाज नहीं रहा। समय पर जांच, सही इलाज और स्वस्थ जीवनशैली से इसे हराया जा सकता है।

बचाव के लिए धूम्रपान छोड़ें, नियमित व्यायाम करें, संतुलित आहार लें और स्वास्थ्य जांच को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। सावधानी ही सबसे बड़ी सुरक्षा है।

अवेयरनेस

स्पेशलः वर्ल्ड इम्यूनाइजेशन डे, 10 नवंबर

जिस तरह बचपन में कई बीमारियों से बचाव के लिए वैक्सीनेशन किया जाता है, उसी तरह मिड एज के बाद और ओल्ड एज के लोगों को भी कुछ बीमारियों से बचने के लिए वैक्सीनेशन जरूर करवाना चाहिए। इस बारे में यूजफुल सजेशंस।

# बच्चों-बड़ों दोनों के लिए जरूरी है इम्यूनाइजेशन

हर साल 10 नवंबर को विश्व टीकाकरण दिवस (वर्ल्ड इम्यूनाइजेशन डे) मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य लोगों को टीकाकरण के महत्व के बारे में जागरूक करना है, ताकि हर व्यक्ति संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित रह सके। आमतौर पर लोग समझते हैं कि टीके सिर्फ बच्चों के लिए जरूरी होते हैं, लेकिन चिकित्सा विशेषज्ञ मानते हैं कि बड़ों और बुजुर्गों को भी कुछ आवश्यक टीके लगवाने चाहिए, जिससे कई गंभीर बीमारियों से बचाव हो सके।

बच्चों को जीवन के शुरूआती वर्षों में जरूरी टीके लगवाना जितना अहम है, उतना ही जरूरी है कि वयस्क और बुजुर्ग भी समय-समय पर अपने टीकाकरण की जांच कराएं। 40 वर्ष की उम्र के बाद शरीर की प्रतिरक्षा क्षमता धीरे-धीरे कमजोर होती जाती है, ऐसे में फ्लू, निमोनिया, टिटनेस, हेपेटाइटिस और शिंगल्स जैसी बीमारियों से बचाव के लिए टीके बहुत फायदेमंद होते हैं।


डॉक्टर्स के अनुसार, बड़ी उम्र के लोगों को कुछ टीके अवश्य लगवाने चाहिए।

## इंफ्लूएंजा (फ्लू) वैक्सीन

इंफ्लूएंजा या फ्लू एक संक्रामक श्वसन रोग है, जो इसके वायरस से होता है। यह वायरस हर साल अपने रूप बदलता रहता है, इसलिए फ्लू वैक्सीन हर साल एक बार लगवाना जरूरी होता है। यह वैक्सीन शरीर में ऐसे एंटीबॉडी बनाती है, जो इस वायरस से बचाव करते हैं। खासतौर पर बुजुर्गों, गर्भवती




महिलाओं, बच्चों, डायबिटीज, हृदय या फेफड़ों के रोगियों के लिए यह टीका बहुत फायदेमंद होता है, क्योंकि इनकी प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है। फ्लू वैक्सीन से संक्रमण की संभावना लगभग 40-60 प्रतिशत तक कम हो जाती है और इससे



गंभीर जटिलताओं जैसे निमोनिया का खतरा भी घटता है।

## टिटनेस, डिप्थीरिया, परट्यूसिस (टीडीएपी)

टीडीएपी वैक्सीन एक ऐसा टीका है, जो शरीर को तीन खतरनाक बीमारियों से बचाता है- टिटनेस, डिप्थीरिया और परट्यूसिस (काली खांसी)। इसे हर 10 साल में एक बार लगवाना चाहिए ताकि शरीर की सुरक्षा बनी रहे। टिटनेस अकसर जंग लगे लोहे या गंदी चोट से होने वाला संक्रमण है, जो मांसपेशियों को अकड़ा देता है। डिप्थीरिया गले में झिल्ली बनाकर सांस लेने में परेशानी पैदा कर सकता है, जबकि काली खांसी से कई हफ्तों तक तेज खांसी आती रहती है और फेफड़ों पर असर पड़ता है। यह वैक्सीन सिर्फ बच्चों के लिए नहीं, बल्कि हर वयस्क के लिए जरूरी है। कई लोग सोचते हैं कि टिटनेस का टीका केवल चोट लगने पर लगता है, जबकि सही यह है कि हर 10 साल में टीडीएपी लगवाने से शरीर इन तीनों बीमारियों से लंबे समय तक सुरक्षित रहता है।

## हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन

हेपेटाइटिस-बी एक खतरनाक वायरस जनित बीमारी है, जो हमारे लीवर (यकृत) को नुकसान पहुंचाती है। यह वायरस संक्रमित खून, सुई या असुरक्षित यौन संपर्क के जरिए फैलता है। शुरुआत में इसके लक्षण बहुत हल्के होते हैं, लेकिन समय के साथ यह लीवर इंफेक्शन, सिरोसिस या लीवर कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन इस संक्रमण से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका है। इसे आमतौर पर तीन डोज में दिया जाता है। डायबिटीज मरीज और कमजोर इम्यूनिटी वाले बुजुर्ग लोगों को, हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन जरूर लगवानी चाहिए। यह सुरक्षित है और लंबे समय तक लीवर को संक्रमण से बचाती है।

## निमोनिया वैक्सीन

निमोनिया, फेफड़ों का गंभीर संक्रमण है, जो न्यूमोकॉकस नामक बैक्टीरिया के कारण होता है। यह संक्रमण फेफड़ों में सूजन, तेज बुखार, सांस लेने में कठिनाई और सीने में दर्द पैदा करता है। खासतौर पर 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों, कमजोर इम्यूनिटी, डायबिटीज, हृदय रोग या फेफड़ों की बीमारी (जैसे अस्थमा या सीओपीडी) वाले लोगों में इसका खतरा ज्यादा होता है। निमोनिया वैक्सीन शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाकर इस संक्रमण से सुरक्षा देती है। डॉक्टर आमतौर पर दो प्रकार की वैक्सीन की सलाह देते हैं पीसीवी और पीपीएसवी, जिन्हें उम्र और स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार लगाया जाता है।

## शिंगल्स वैक्सीन

शिंगल्स (हरपेस जोस्टर) एक दर्दनाक त्वचा रोग है, जो वेरिसेला-जोस्टर वायरस के कारण होता है। यही वायरस बचपन में होने वाली चेचक (चिकनपॉक्स) का भी कारण होता है। चेचक के ठीक होने के बाद यह वायरस शरीर में लंबे समय तक छिपा रहता है और उम्र बढ़ने या इम्यूनिटी कमजोर होने पर दोबारा सक्रिय होकर शिंगल्स का कारण बनता है। इस बीमारी में शरीर या चेहरे के किसी हिस्से पर दाने, जलन और तेज दर्द होता है, जो कई हफ्तों तक परेशान कर सकता है। शिंगल्स वैक्सीन खासकर 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए बहुत फायदेमंद है। यह शरीर में वायरस की पुनः सक्रियता को रोकने में मदद करती है और अगर संक्रमण हो भी जाए, तो लक्षण हल्के रहते हैं। एक बार लगने वाला यह टीका लंबे समय तक सुरक्षा देता है और बुजुर्गों को दर्द और असुविधा से बचाता है। इस विश्व टीकाकरण दिवस पर संकल्प लें कि टीका केवल बच्चों के लिए नहीं, सबके लिए उपयोगी है। इसलिए बच्चों समेत सभी को वैक्सीनेशन कराना जरूरी है। *


**(अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन डॉ. अली शेर से बातचीत पर आधारित)**

प्रिकॉशन

डॉ. विनी कांत
सीनियर पल्मोनोलॉजिस्ट
अपोलो अस्पताल, दिल्ली

डब्ल्यूएचओ के अनुसार दुनिया भर में बच्चों की मृत्यु का सबसे बड़ा कारण निमोनिया है। विश्व निमोनिया दिवस (12 नवंबर) पर आपको दे रहे हैं इससे जुड़ी जरूरी जानकारियां।

# निमोनिया से ऐसे करें बचाव



निमोनिया सांस से जुड़ी एक गंभीर बीमारी है। जो मौसम बदलने पर सर्दी लगने या वायरस, बैक्टीरिया और फंगस के कारण रेस्पिरेटरी इंफेक्शन के कारण होती है। सेहत का ध्यान न रखने पर सर्दी, जुकाम, बुखार से शुरू होता है और धीरे-धीरे एक या दोनों फेफड़ों को संक्रमित कर निमोनिया का रूप ले लेता है। यह सभी उम्र के लोगों को प्रभावित करता है। कमजोर इम्यूनिटी के कारण पांच साल से कम उम्र के बच्चे निमोनिया का आसानी से शिकार हो जाते हैं।

**क्या है निमोनियाः** कई बार व्यक्ति वातावरण में मौजूद विभिन्न प्रकार के बैक्टीरिया, वायरस या अन्य रोगाणुओं की चपेट में आ जाता है। जो श्वास मार्ग, संक्रमित भोजन, जल या रक्त के माध्यम से अनचाहे ही शरीर में पहुंच कर इंफेक्शन फैलाते हैं और फेफड़ों में निमोनिया की वजह बनते हैं।

इंफेक्शन होने पर फेफड़ों की एल्वियोली थैलियों में सूजन, पानी या कफ जम जाती है। फेफड़े कमजोर हो जाते हैं और अपना काम ठीक तरह से नहीं कर पाते हैं। समुचित उपचार न होने पर इंफेक्शन रक्त-वाहिकाओं में पहुंचने और शरीर के दूसरे अंगों तक फैलने का अंदेशा रहता है, जिसे सेप्सिस कहा जाता है। इससे रेस्पेरेटरी फेल्यॉर हो सकता है और वेंटिलेटर मशीन पर रखने की भी जरूरत पड़ सकती है।

**इन्हें है ज्यादा रिस्कः** ऐसे बच्चों को निमोनिया होने की संभावना ज्यादा होती है, जिन बच्चों का प्री-मैच्योर जन्म होता है। जिन बच्चों का जन्म के समय वजन सामान्य से कम होता है। जिन बच्चों के सांस की नली में रुकावट या दिल में किसी प्रकार का जन्मजात विकार हो। जिस बच्चे को जन्म के समय जरूरी टीके नहीं लग पाए हों। 5 साल से कम उम्र के बच्चे।

**प्रमुख लक्षणः** निमोनिया होने पर बुखार, खांसी, उल्टी आना, कंजेशन होना, सांस लेने में दिक्कत होना, तेज-तेज सांस भरना, पसली चलना, घरघराहट की आवाज आना, बेचैनी और थकावट रहना, असामान्य चिड़चिड़ापन होना, डिहाइड्रेशन होना, भूख न लगना, कमजोरी आना, सुस्त होने या ज्यादा नींद आना, रक्त वाहिकाओं में ऑक्सीजन की कमी की वजह से



त्वचा या नाखूनों की रंगत नीली होना जैसे लक्षण मिलते हैं।

**क्या है उपचारः** मरीज की स्थिति के हिसाब से उपचार किया जाता है। बैक्टीरियल निमोनिया में मरीज को एंटीबायोटिक मेडिसिन दी जाती हैं। अस्पताल में भर्ती कर इंट्राविनस एंटीबायोटिक मेडिसिन दी जाती हैं। वायरल निमोनिया में बुखार, दर्द, एंटीवायरल मेडिसिन के साथ आराम करने और लिक्विड डाइट ज्यादा लेने की हिदायत दी जाती है। फंगल निमोनिया में एंटीफंगल मेडिसिन दी जाती हैं। गंभीर मामलों में बच्चे को अस्पताल में एडमिट करना पड़ता है।

**संभव है बचावः** निमोनिया से बचाव के कई तरीके हैं।

- वैक्सीनेशन शेड्यूल को जरूर फॉलो करें। न्यूमोकोकल कंजुगेट वैक्सीन (पीसीवी) और हीमोफिल्स इंफ्लूएंजा टाइप बी (एचआईबी) वैक्सीन निमोनिया से बचाव में प्रभावी है।
- बचपन से ही बच्चे को अच्छी ईटिंग हैबिट्स डालें। घर का बना संतुलित और पोषक आहार दें।
- बदलते मौसम में तापमान में होने वाले उतार-चढ़ाव में ध्यान रखें। ठंड से बचाएं।
- इंफेक्शन से बचाने के लिए बीमार लोगों से दूर रखें।
- व्यक्तिगत स्वच्छता पर ध्यान दें। खांसते हुए अपने मुंह और नाक को ढंक लें। हाथ धोते रहें।
- बच्चे को अधिक भीड़भाड़ या धुएं वाली जगहों पर ले जाने से बचें। *

**प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा**

**खबर संक्षेप**

## चुनाव में लाखों वोटों की हुई गड़बड़ीः महेंद्र सिंह



**मंडी अटेली।** राहुल गांधी ने बिहार में होने वाले पहले के चरण के मतदान पहले दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हाईड्रोजन बम फोड़ने का दावा किया है। दरअसल राहुल गांधी ने हरियाणा में वोट चोरी का आरोप लगाते हुए बताया कि सारे सर्वे हरियाणा में कांग्रेस को बंपर जीत दिखा रहे थे, लेकिन बीजेपी ने वोट चोरी कर चुनाव जीत लिया। इस प्रेस कांफ्रेंस के बाद अटेली से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह राता ने बताया कि हरियाणा चुनाव में लाखों वोटों की गड़बड़ी हुई, जिससे प्रदेश में लोकतंत्र की हत्या की गई है। राहुल गांधी ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में फर्जी वोटरों के साथ एक व्यक्ति द्वारा अनेक बार वोट डालने का जिक्र किया है। हजारों भाजपा मतदाता उत्तर प्रदेश और हरियाणा में मतदान कर रहे हैं। पहली बार पोस्टल बैलट और असली वोटों का रुझान अलग रहा पोस्टल बैलट में कांग्रेस को 76 और बीजेपी को सिर्फ 17 सीटें मिलतीं है। गांवों में कांग्रेस पार्टी की विचारधारा के बारे में लोगों को जागरुक कर रहे हैं।

### बीच सड़क पर ऑटो व बस खड़ी रहने से बनी रहती थी जाम की स्थिति

# बस स्टैंड गेट पर रोडवेज ने तैनात किए 3 कर्मी, जाम से मिलेगा छुटकारा

- सड़क जाम, आमजन को उठानी पड़ती है परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

बस स्टैंड के मुख्यद्वार पर अब जाम से छुटाकर मिलेंगा। रोडवेज विभाग ने मुख्यद्वार पर तीन कर्मचारी तैत कर दिए हैं। अक्सर देखने को मिलता था कि रोडवेज, निजी बस व ऑटों चालक सवारी बैठाने को लेकर को बस स्टैंड के मुख्यद्वार पर करीब दस बीस मिनट तक वाहन खड़ा कर देते थे, जिसके चलते बीच सड़क पर दिन में कई बार जाम की स्थिति बन जाती थी।

बता दें कि ऑटों व बस के कारण शहर के मुख्य बस अड्डे के सामने जाम की स्थिति बनी रहती थी। कई बार तो जाम ऐसे लगता है कि दुपहिया व चार पहिया वाहन तो क्या, पैदल चलने वालों को भी गुजरना मुश्किल भरा हो जाता था, जिसके कारण रोजाना राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा बस स्टैंड के मुख्यद्वार पर प्राईवेट बसें सवारियों के लिए बीच सड़क पर खड़ी कर देते हैं। जिसके चलते सड़क पर जाम लग जाता था। महेंद्रगढ़ बस स्टैंड से रोजाना हजारों की संख्या में यात्री आसपास के गांवों से लेकर, राजस्थान, पंजाब चंडीगढ़ और दिल्ली की तरफ सफर करते हैं। इनमें सबसे ज्यादा संख्या रेवाड़ी, जयपुर व दादरी की तरफ जाने वाले यात्रियों की होती है। इसके बाद साथ लगते प्रदेश राजस्थान की तरफ भी अच्छी खासी संख्या में यात्री सफर करते हैं। बस स्टैंड से रोडवेज की बसों के साथ-साथ निजी बसें भी गुजरतीं हैं। ऐसे में कई बार बस स्टैंड से बस बाहर निकालने के साथ उसे सवारी चढ़ाने के लिए गेट के सामने खड़ा कर देते थे। जिससे कई बार मुख्य रोड पर जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। इसके अलावा बस स्टैंड स्थित रोड पर जाम का दूसरा मुख्य कारण ऑटों चालक बनते हैं। ज्यादा से ज्यादा यात्रियों बैठाने के चक्कर में वे अपने ऑटों को होड़ में एक-दूसरे के आगे लगा देते हैं। जिसके कारण वहां पर जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। जब इन ऑटों चालकों को साइड में वाहन को खड़ा करने के लिए गुजारिश की जाती है तो वह झगड़ा करने पर उतारू हो जाते थे। इसके अलावा पुलिस द्वारा समय-समय पर ऑटों को सहीं ढ़ग से खड़ा करने के निर्देश भी दिए जाते थे। लेकिन पुलिसकर्मी के जाते हीं स्थिति वैसे ही बन जाती थी।



महेंद्रगढ़। बस स्टैंड के मुख्यद्वार पर तैनात रोडवेज के कर्मचारी व पुलिसकर्मी।

**यात्रियों को नहीं होगी परेशानी**

*बस स्टैंड के मुख्यद्वार पर जाम की स्थिति को देखते हुए विभाग ने दो कर्मचारी व एक पुलिसर्मी की तैनाती की गई हैं। मुख्यद्वार पर लगने वाले जाम से काफी हद तक छुटकारा मिलेंगा। यात्रियों को किसी भी प्रकार की परेशानी ने हो इसलिए यह फैसला लिया गया हैं। अब यात्री मुख्यद्वार पर न खड़ा होकर बस स्टैंड के भीतर बैठकर बस का इंताजार कर सकते हैं। -हरिप्रकाश, बस स्टैंड इंजार्च, महेंद्रगढ़।*



नारनौल। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव का आभार जताते मनदीप सिंह।

## एडवोकेट मनदीप ने जताया स्वास्थ्य मंत्री का आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

कष्ट निवारण समिति के सदस्य एडवोकेट मनदीप सिंह ने जिले के पटीकरा स्थित बाबा खेतानाथ राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल को शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए बीएएमएस की 100 सीटों पर दाखिले की अनुमति मिलने पर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव का आभार जताया है। मनदीव राव ने कहा कि पिछले कुछ सत्रों में कॉलेज में शिक्षकों व तकनीकी स्टाफ की कमी के चलते सभी 100 सीटों पर प्रवेश नहीं हो पा रहे थे। जिससे यह संख्या घटकर अब केवल 63 ही रह गई थी। जिससे युवाओं को भारी पेरशानी का सामना करना पड़ रहा था। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव की मजबूत पैरवी के चलते प्रदेश सरकार ने कॉलेज मं अपेक्षित शिक्षकों की नियुक्ति, संरचना सुधार व शैक्षणिक मानकों को पूरा करने के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की है। राष्टीय आयुर्वेदिक शिक्षा व चिकित्सा आयोग में केंद्रीस मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की ओर से की गई पैरवी करने के चलते कॉलेज को उसकी पूर्ण सीटों पर दाखिले की अनुमति प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री के कारण अब आयुर्वेदिक संस्थाओं के विस्तार व आधुनिक सुविधाओं से लैस नई परियोजनाओं पर काम चल रहा है। जिससे आयुष चिकित्सा प्रणाली को जन-जन तक पहुंचाया जा सकेगा।

### विजय इंटरनेशनल स्कूल में मनाई गुरु नानक देव जयंती

## गुरु नानक देव की शिक्षाओं को समझने और उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

विजय इंटरनेशनल स्कूल में गुरु नानक देव जयंती और देव दीपावली का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों और शिक्षकों ने गुरु नानक देव की शिक्षाओं को समझने और उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। विद्यालय में गुरु नानक देव की जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय सचिव महेंद्र सिंह ने गुरु नानक देव के चित्र सामने पुष्प अर्पित करके की। छात्रों ने गुरु नानक देव के जीवन और उनकी शिक्षाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की और उनके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किए। प्राचार्य नत्थू सिंह ने गुरु नानक देव के जीवन और उनकी शिक्षाओं पर प्रकाश डाला और छात्रों को उनके आदर्शों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान छात्रों ने गुरु नानक देव के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। चेयरमैन विजय यादव टूमना ने बताया कि गुरु नानक देव सिखों के प्रथम गुरु थे। हर साल उनकी जयंती पांच नवम्बर को मनाई जाती है।



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य। फोटोः हरिभूमि

## पीएम के नेतृत्व में विकास की गंगा बह रही : ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

बिहार विधानसभा चुनाव मे भारतीय जनता पार्टी व एनडीए गठबंधन प्रचंड बहुमत के साथ एक नया इतिहास रचने जा रहीं है। भारतीय जनता पार्टी की जिला मंत्री डॉ. अर्चना ठाकुर ने बिहार में प्रचार कर रही नारी शक्ति से कहा कि जिस प्रकार आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रियता और नेतृत्व क्षमता ने भारत को विश्व पटेल पर एक गौरवशाली राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है। उसी का प्रभाव बिहार के जनता के उत्साह व समर्थन में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में पिछले 11 वर्षों के दौरान अद्भुत विकास हुआ है। देश के अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है और देश की सैनिक सेवा को भी मजबूती प्रदान की गई है। गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक योजना प्रभावी ढंग से लागू हुई है। डॉ. अर्चना ठाकुर ने कहा कि बिहार के मतदाता अब जातिवाद परिवारवाद और भ्रष्टाचार की राजनीतिक से उब चुके हैं। जनता अब उस राजनीति को प्राथमिकता दे रही है, जो विकास सुशासन और राष्ट्रीय हित के मूल्य पर आधारित है विपक्ष ने जनता को सिर्फ झूठे वादे किए है, जबकि भाजपा के धरातल पर काम कर दिखाया है। चाहे वह गरीबों के पक्के मकान देना हो किसानों को सहायता युवाओं को रोजगार और महिलाओं को सुरक्षा और युवाओं को रोजगार या देश की सुरक्षा को मजबूत करना नरेंद्र मोदी ने गुजरात में विकास का जो मॉडल स्थापित किया, वहीं आज वह पूरे भारत के विकास का आधार बन चुका है और आने वाले समय में बिहार में भी गुजरात जैसा ही मॉडल बनने का रूप दिया जाएगा है।



महेंद्रगढ़। बिहार में चुनाव प्रचार करती अर्चना ठाकुर। फोटो : हरिभूमि

**घोषणा पत्र पर हो रही अमल**

सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सब का प्रयास मंत्र भारत को विश्व गुरु बनाने की दिशा में अग्रसर कर रहा है। डॉ. अर्चना ठाकुर ने कहा कि इंडियन के घोषणा पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि हमने घोषणा पत्र में यह तय किया है कि बिहार के एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी दी जाएगी और हर जिले में मेगा सिकल केंद्र बनाए जाएगा।

## उत्कृष्ट कार्य करने वालों का होगा सम्मान

**नारनौल।** हरियाणा सरकार के सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग कल्याण और अंत्योदय (सेवा) विभाग की ओर से दिव्यांग कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों व संस्थाओं को सम्मानित करने के लिए वर्ष 2024-25 के राज्य पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

यह जानकारी देते हुए उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि इन पुरस्कारों के लिए इच्छुक एवं पात्र व्यक्ति/संस्थान अपनी उपलब्धियों के विवरण व प्रमाण पत्रों के साथ विभाग के पोर्टल पर 10 नवंबर से 26 नवम्बर रात्रि 11:59 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग कर्मचारी को प्रथम पुरस्कार के रूप में 25000 रुपये व द्वितीय को 15000 रुपये प्रदान किए।

## आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में सीटें बढ़ने पर अभार



**मंडी अटेली।** भाजपा पार्टी के युवा नेता दिनेश जेलदार ने हरियाणा सरकार स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव आभार व्यक्त किया। बाबा खेतानाथ आयुर्वेदिक कॉलेज पटीकरा में बीएएमएस सीटों की संख्या शैक्षणिक सत्र 2025-26 में 100 की मंजूरी दिलाने पर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह एवं स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव का आभार जताते हुए खुशी व्यक्त की है। आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में सीटें बढ़ाने से महेंद्रगढ़ जिले और आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों को लाभ होगा। अब जिले के विद्यार्थियों को आयुर्वेदिक शिक्षा के लिए अन्य राज्यों या दूरदराज के संस्थानों में नहीं जाना पड़ेगा। आरती राव न केवल अटेली क्षेत्र बल्कि पूरे दक्षिण हरियाणा में चिकित्सा, शिक्षा और आधारभूत विकास को लेकर अभूतपूर्व कार्य कर रही हैं। आयुर्वेदिक शिक्षा और चिकित्सा संस्थानों के विस्तार के लिए लगातार प्रयासरत।

## वोट चोर-गद्दी छोड़ : लोकतंत्र की रक्षा के लिए कांग्रेस ने निकाला कैंडल मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

आज हमारे नेता राहुल गांधी ने नई दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हरियाणा विधानसभा चुनाव में हुई वोट चोरी के मुद्दे को देश के सामने उजागर किया। राहुल गांधी जी ने स्पष्ट कहा कि "जनता की आवाज़ को दबाने और लोकतंत्र को कमजोर करने की भाजपा की साजिश अब उजागर हो चुकी है।" उन्होंने बताया कि भाजपा और चुनाव आयोग की मिलीभगत से मतगणना प्रक्रिया में धांधली कर जनादेश का अपमान किया गया है।यह बात कांग्रेस जिलाध्यक्ष सत्यवीर झुकिया ने बुधवार शाम कहीं। उन्होंने कहा कि इस गंभीर विषय को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने तत्काल निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी महेंद्रगढ़ में यह कैंडल मार्च आयोजित किया गया।यह कैंडल मार्च कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे जनआंदोलन "वोट चोर – गद्दी छोड़" अभियान का एक अहम हिस्सा है।उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य है — लोकतंत्र की रक्षा के लिए जनता में जागरूकता फैलाना, वोट की पवित्रता की रक्षा करना और भाजपा की जनविरोधी एवं तानाशाही मानसिकता के खिलाफ एकजुट आवाज़ उठाना। कांग्रेस पार्टी का मानना है कि वोट जनता का अधिकार है, और उस अधिकार की चोरी लोकतंत्र की हत्या के समान है। इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता से अपील है कि वे इस शांतिपूर्ण आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लें और अपने-अपने क्षेत्रों में संदेश पहुंचाएं कि भारत का लोकतंत्र बिकाऊ नहीं, जनशक्ति से संचालित है।सत्यवीर झूकिया ने कहा "वोट की चोरी लोकतंत्र की हत्या है। हम यह अन्याय बर्दाश्त नहीं करेंगे। राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस हर जिले, हर गाँव तक न्याय की मशाल लेकर जाएगी।"महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ. राजवती यादव ने कहा कि "जब जनता के वोट की चोरी होती है, तो यह सिर्फ एक पार्टी के खिलाफ नहीं, बल्कि पूरे लोकतंत्र के खिलाफ अपराध होता है। हरियाणा की माताओं, बहनों और युवाओं की आवाज़ अब दबाई नहीं जा सकती। राहुल गांधी ने जो सच देश के सामने रखा है, उसने भाजपा और चुनाव आयोग की मिलीभगत को उजागर कर दिया है। महिला कांग्रेस हर जिले में लोकतंत्र की यह लौ जलाए रखेगी — क्योंकि यह लड़ाई सत्ता की नहीं, सच्चाई और संविधान की है।"सभी ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर "वोट चोर गद्दी छोड़", "लोकतंत्र अमर रहे" और "जनता का हक़ लौटाओ" जैसे नारों के साथ शांति और एकता का संदेश दिया। कांग्रेस पार्टी दृढ़ संकल्प के साथ यह घोषणा करती है।



‹‹

**मौजूद रहे**

*इस मौके पे संदीप राव, मायावती, मंजीत एडवोकेट,सुरेंद्र ढिल्लो, रामसिंह जोया, शशिबाला, कल्पना, सीमा, सुमन, अजय एडवोकेट, मोहित, विजय और आशुतोषआदि अनेक कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।*

## यदुवंशी स्कूल में इंटर स्कूल साइंस क्विज प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

यदुवंशी स्कूल में इंटर स्कूल साइंस क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें यदुवंशी स्कूल की सभी 14 शाखाओं के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह क्विज कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के मध्य करवाई गई। क्विज प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव के प्रेरणादायक भाषण से हुई। तत्पश्चात सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों का स्वागत किया और विद्यार्थियों को पूरे उत्साह व समर्पण के साथ भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में कुल चार राउंड आयोजित किए गए। पहला राउंड सब्जेक्ट राउंड था, जिसमें प्रतिभागियों की विषय ज्ञान की परख की गई। दूसरा विजुअल राउंड हुआ, जिसमें विज्ञान से संबंधित चित्र व प्रयोग पर प्रश्न पूछे गए। तीसरा एक्टिविटी बेस्ड राउंड रहा, जिसमें छात्रों ने प्रयोग के माध्यम से अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। चौथा और अंतिम रैपिड फायर राउंड प्रतिभागियों की त्वरित सोच और निर्णय क्षमता की परीक्षा के रूप में रहा। प्रत्येक टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और अपने विद्यालय का गौरव बढ़ाया। निर्णायकों ने विद्यार्थियों के ज्ञान, आत्मविश्वास और प्रस्तुति की सराहना की। प्रतियोगिता में यदुवंशी महेंद्रगढ़ प्रथम, यदुवंशी नारनौल द्वितीय व यदुवंशी कोसली तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजेता प्रतिभागियों को मोमेंटो व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। ग्रुप चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि विज्ञान जिज्ञासा का विषय है और ऐसी प्रतियोगिताएं छात्रों में अनुसंधान की भावना को प्रोत्साहित करती हैं। ज्ञान के प्रति समर्पण और खोज की भावना ही सफलता की कुंजी है।



महेंद्रगढ़। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**त्योहार** देव दीपावली पर विष्णु भगवान मंदिर में सजी आस्था की अलौकिक छटा

## भक्ति में डूबा श्री विष्णु मंदिर, देव दीपावली पर जलाए गए सैकड़ों दीप

वातावरण में गूंजते भजनों से संपूर्ण परिसर भक्ति रस में सराबोर हो गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर रेलवे रोड स्थित श्री विष्णु भगवान मंदिर में देव दीपावली पर्व बड़े ही श्रद्धा, उत्साह और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर भक्तों की भीड़ से गूंज उठा। मंदिर में दीपों की पंक्तियां सजाई गईं, जिनकी उजास से पूरा वातावरण दिव्य आभा से आलोकित हो उठा। महिलाओं ने थाल में दीप जलाकर आरती की और मंदिर परिसर में परिक्रमा की। दीपों की सुनहरी लौ से पूरा मंदिर परिसर साक्षात वैकुण्ठ लोक का दृश्य प्रस्तुत कर रहा था। हवा में घी के दीपों की सुगंध और मंत्रोच्चारण की ध्वनि से वातावरण पवित्र और शांतिमय बना रहा। सुबह-सवेरे महिलाओं ने स्नान कर पारंपरिक वेशभूषा धारण की और भगवान श्री विष्णु एवं सत्यनारायण की पूजा-अर्चना आरंभ की। भक्तों ने गंध, अक्षत, पीले एवं लाल पुष्प, नारियल, पान-सुपारी, कलावा, तुलसी पत्र, दुर्वा, शमी पत्र, पीपल पत्र और गंगाजल से भगवान का विधिवत पूजन किया।

पूजा के उपरांत महिलाओं ने मंदिर प्रांगण में दीप प्रज्वलित किए और भगवान विष्णु के समक्ष आरती उतारी। इसके साथ ही श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर के आसपास तथा पीपल, तुलसी, आंवला, केला आदि पवित्र वृक्षों के पास भी दीप जलाए। दीपों की झिलमिलाहट और वातावरण में गूंजते भजनों से संपूर्ण परिसर भक्ति रस में सराबोर हो गया। इस दौरान मंदिर में सत्यनारायण भगवान की कथा का आयोजन किया गया। मंदिर प्रभारी शंकर ने स्वयं कथा का वाचन किया। उन्होंने कथा के माध्यम से धर्म, सत्य और दान के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।



महेंद्रगढ़। मंदिर में मौजूद महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

**सुख-समृद्धि की कामना की**

ऐसा करने से व्यक्ति के पाप नष्ट होते हैं और उसे धन-धान्य, सुख-संपदा, उत्तम स्वास्थ्य और ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है। कार्यक्रम के समापन पर मंदिर में महाआरती का आयोजन हुआ और सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। उपस्थित भक्तों ने भगवान विष्णु से अपने परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और जीवन में शांति की कामना की।

## एसडी स्कूल की सोनम ने पाई सीए परीक्षा में सफलता

- अनिता यादव के मार्गदर्शन व सतत परिश्रम ने उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना



एसडी विद्यालय ककराला के वाणिज्य संकाय की छात्रा सोनम पुत्री संजय ने इंस्टीटयूट ऑफ चार्टर्ड अकाउन्टेंट्स ऑफ इण्डिया के सौजन्य से आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर अपने माता पिता, विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। एसडी ग्रुप के चैयरमैन जगदेव यादव ने इन सफलता पर बधाई देते हुए बताया कि सोनम पुत्री संजय ने यह परीक्षा अपने प्रथम प्रयास में ही पास की है, जो सबके लिए गर्व का विषय है। सीए फाउंडेशन परीक्षा कॉमर्स संकाय के लिए अतिमहत्वपूर्ण परीक्षा है। आगे चलकर यहीं विद्यार्थी देश की अर्थव्यवस्था का भार अपने कन्धों पर लेते है। इस उपलब्धि पर उन्होंने अभिभावक व सभी शिक्षकगण को बधाई दी। कॉमर्स विभाग की अध्यापिका अनिता यादव के मार्गदर्शन व सतत परिश्रम ने छात्रा की इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर प्राचार्य ओमप्रकाश, वरिष्ठ सदस्य राजेन्द्र यादव, सीईओ आरएस यादव, उपप्राचार्य पूर्णसिंह, सुनील यादव, देवव्रत, अनिता यादव, स्नेहलता आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### संत दुर्बलनाथ मंदिर में भक्तों ने नवाया शीश

**भिवानी।** खटीक समाज एवं संत दुर्बलनाथ शक्तिपीठ संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में संत श्री दुर्बलनाथ एवं गुरु नानकदेव के प्रकाश उत्सव पर खाड़ी मोहल्ला स्थित संत दुर्बलनाथ मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के वाइस चेयरमैन विजेन्द्र बड़गुजर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की तथा अध्यक्षता प्रधान नानकचंद मेवलीवाल ने की। वहीं कार्यक्रम में सानिध्य आचार्य मोहनदास पंवार का रहा। इस मौके पर मास्टर हरकेश बुंदेला, बिशन चेतीवाल, अधिवक्ता सुरेश मेवलीवाल, मुकेश खटीक, केदार पंवार व सुमित किराड़ आदि मौजूद थे।

### राष्ट्रीय स्तर पर कल होगा वंदे मातरम कार्यक्रम : एडीसी

**भिवानी।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में देशभर में 7 नवंबर से 7 नवंबर 2026 तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी कड़ी में सात नवंबर को राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम होगा, जो सभी स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय में दिखाया जाएगा, जिसमें सुबह 10 बजे राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन भी होगा। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश भी सुनाया जाएगा। एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने बुधवार को लघु सचिवालय स्थित वीसी रूम में जानकारी दी।

### एलसीएलओ कर्मचारी 13 को करेंगे मंत्री श्रुति की कोठी का घेराव

**भिवानी।** भिवानी, हिसार, चरखी दादरी के एलसीएलओ कर्मचारी 13 नवम्बर को भिवानी में इकट्ठा होकर मंत्री श्रुति चौधरी की कोठी का घेराव करेंगे। गौरतलब हैं कि एलसीएलओ कर्मचारी यूनियन हरियाणा सीटू के बैनर तले मुख्यमंत्री के गृह नगर कुरुक्षेत्र में 19 सितंबर से दिन रात का धरना चल रहा है और 29 सितम्बर से क्रमिक अनशन पर बैठे हैं। संगठन के नेताओं ने बताया कि हजारों एलसीएलओ का नियुक्ति के समय पदनाम बदल दिया, जिसके चलते 18 महीने से न काम मिला और न ही वेतन, जबकि सरकार व विभाग द्वारा इनकी परीक्षा सीपीएलओ के पद के लिए ली गई थी।

### प्रविंद्र सैन के निधन पर शोक जताया

**बाढ़ड़ा।** चरखी दादरी भाजपा जिलाध्यक्ष इंजीनियर सुनील हड़ौदी के भतीजे बैंक अधिकारी प्रविंद्र सैन के निधन पर अनेक सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने उनके हड़ौदी स्थित आवास पहुंचकर गहरी संवेदना प्रकट की। हड़ौदी निवासी मास्टर खुशीराम के पुत्र बैंक अधिकारी प्रविंद्र सैन के निधन पर दादरी विधायक सुनील सांगवान, नीरज चौधरी, विजय खोरड़ा, दादरी चेयरमैन बक्शीराम सैनी, वजीरमान ढिगावा, राजू मान, सुधीर चांदवास, सत्येंद्र परमार, सीताराम शर्मा, कुलजीत श्योराण, सपना सैन व बजरंग सिंटी ने शोक जताया।

## गुरु नानक देव जी का 556वां प्रकाश पर्व : विधायक ने देवसर चुंगी गुरुद्वारा में मत्था टेका

जिले में गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव पर कई जगह गुरुद्वारों में कार्यक्रम

# सतगुरु नानक प्रगट्या, मिटी धुंध जग चानन होया, कलतारण गुरु नानक आया





भिवानी। गुरुद्वारा में शबद कीर्तन करता रागी जत्था व लंगर में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि



बवानीखेड़ा। गुरु नानकदेव के प्रकाशोत्सव पर शबद कीर्तन करते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

किरत करो, नाम जपो, वंड छको यानी पवित्र कर्म करके नाम जपना और बांटकर खाने का सन्देश देने वाले जगतगुरु गुरु नानक देव जी का 556वां प्रकाश पर्व गुरुद्वारा सिंह सभा एवं पुरानी देवसर चुंगी स्तिथ गुरुद्वारा में बड़ी ही श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया। चंडीगढ़ से पहुंचे सरदार मक्खनसिंह रागी जत्थे ने गुरबाणी के माध्यम से संगत को गुरुजी से जोड़ने का प्रयास किया। गुरुद्वारे में लोगों ने जहां कीर्तन में भाग लिया। वहीं लंगर का भी आयोजन किया, जिसमें पूर्व गुरुद्वारा परिसर में अखंड पाठ का भोग डाला गया। लोगों ने श्रद्धाभाव से श्री गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ किया व नमन किया। गुरु पर्व पर भिवानी विधायक घनश्यामदास सर्राफ गुरुद्वारा साहिब में पहुंचे और मत्था टेक कर सरबत के भला की प्रार्थना की। विधायक घनश्यामदास सर्राफ ने देवसर चुंगी स्तिथ गुरुद्वारा की नई बिल्डिंग के लिए 10 लाख रुपये देने की घोषणा की। पुरानी देवसर चुंगी गुरुद्वारा के मुख्यग्रंथी ज्ञानी सतनाम सिंह व ज्ञानी प्रेमसिंह कीर्तन कर बाबा नानकदेव के इतिहास को विस्तार से संगत को समझाया। उन्होंने बताया श्रीगुरु नानकदेव ने एक पंक्ति में बैठ कर भोजन ग्रहण करने की पंरपरा चलाई और ऊंच नीच व छोटे बड़े का भेदभाव मिटाकर सबको एक ही संदेश दिया और बताया कि सभी उस परमात्मा के बंदे हैं, जिसने इस सृष्टि को बनाया है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रधान इंद्रमोहन सिंह, बलविंदर सिह, बलदेव सिंह, डॉ. यूएस पाहवा, बाबा सुभाष सिंह, सरदार कृष्णसिंह, सुखबीर सिंह, प्रेम मुटरेजा, कमलदीप सिंह, अमरजीत कौर, गुलशन चानना, प्रेम सिंह, ज्ञानसिंह बागड़ी, मनप्रीत कौर, पूजा कौर, लवप्रीत सिंह, हरबंस कौर, ज्ञानसिंह बागड़ी, लक्ष्मण, गगनीश चावला,जतिन चावला, विशाल मुटरेजा, गावड़ी, सुमन आदि ने सेवा की।

### ग्रास रूट्स स्कूल में मनाया प्रकाशोत्सव

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा के ग्रास रूट्स पब्लिक स्कूल में श्री गुरु नानक देव के 556वें प्रकाशोत्सव को बड़ी धूमधाम से मनाया। विद्यालय डायरेक्टर वीना रानी भ्याणा ने गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर विद्यालय के सभी विद्यार्थियों व स्टाफ सभी को शुभकामनाएं दी हैं।



बवानीखेड़ा। ग्रास रूट्स पब्लिक स्कूल में गुरु नानक देव का प्रकाशोत्सव मनाते विद्यार्थी।

### प्रकाश पर्व पर निकाली प्रभात फेरी

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा में श्री गुरु नानक देव जी के 556वें प्रकाशोत्सव को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम बाबा बंदा बहादुर सेवा समिति की तरफ से किया गया। मंगलवार को बाबा बंदा सिंह बहादुर बड़ा गुरुद्वारा में श्रीअखंड पाठ साहिब की शुरुआत सुबह 8 बजे की गई। बुधवार को रेलवे रोड गुरुद्वारा से होते हुए प्रभात फेरी शंटी महता, संजय महता, डॉ. प्रेम ठकराल, कन्नव ठकराल, केशव ठकराल के निवास स्थान तक गई। तत्पश्चात नगर कीर्तन की शुरुआत दोपहर 1 बजे बड़ा गुरुद्वारा साहिब से बाबा कमाल मंदिर, गुलाब सिंह पार्क, सामान्य अस्पताल चौक, रेलवे रोड गुरुद्वारा, आदर्श विद्यालय गुलाब सिंह पार्क से बड़ा गुरुद्वारा पहुंची। समिति प्रधान एवं मार्केट कमेटी प्रधान राजू हंस, कमेटी सचिव सरदार करतार सिंह लक्खू, सतीश मिनोचा, गुलशन खुराना, नवीन गक्खड़, भूषण कक्कड़, विकास महता, पंकज महता आदि ने बताया कि गुरु नानक देव का प्रकाशोत्सव धूमधाम से बनाया, जिसमें सभी का सहयोग रहा।

### गुरु नानक देव ने समाज को नई दिशा दी

**भिवानी ।** गुरु नानक देव ने अपनी शिक्षाओं के माध्यम से समाज को नई दिशा देने का कार्य किया। हमें उनके दिखाए हुए मार्ग पर चलकर जरूरतमंद व असहाय लोगों की मदद करनी चाहिए, ये बात भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. कपूर सिंह लडवाल ने दादरी गेट आंबेडकर कालोनी में गुरु नानक देव के प्रकट दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कही। इस अवसर पर राहुल खनगवाल, रणधीर सिंह निंदिया, मुकेश प्रजापत, सुखचैन हलवास, मा. सुरजीत, सोमबीर, राजु, मुकेश ठेकेदार, संदीप, डॉ. पंकज, मितेश, सक्षम लडवाल, नवया व सुमित्रा आदि उपस्थित रहे।



### दिव्यांग विद्यार्थियों ने गुरु नानक देव को किया नमन



भिवानी। गुरु नानक देव को नमन करते दिव्यांग विद्यार्थी व शिक्षक।

**भिवानी।** आस्था स्पेशल स्कूल में देव दिवाली, गुरुपर्व गुरु नानकदेव जयंती एवं कार्तिक पूर्णिमा उत्सव मनाया। इस उत्सव में रवि जावा चैरिटेबल ट्रस्ट की संस्थापक शिल्पा एवं प्राची सुनीता ने शिरकत कर बच्चों का मनोबल बढ़ाया। संस्था की प्राचार्य एवं संचालिका एडवोकेट सुमन पर्व प्रकाश डाला कि गुरु नानकदेव ने सिख धर्म की नींव रखी और उनके विचार आज भी लाखों-करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। संस्था के संस्थापक विजय शर्मा ने बताया कि हिंदू धर्म में पूर्णिमा का व्रत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। डॉ. तरुण कुलश्रेष्ठ ने कार्तिक पूर्णिमा, देव दिवाली एवं गुरु नानकदेव जयंती की बधाई देते हुए अतिथियों का आभार जताया।

### गुरुद्वारा देवीबाई आश्रम में श्रद्धा से मनाया पर्व

**भिवानी।** गुरुद्वारा देवी बाई आश्रम में प्रथम पातशाह गुरु नानकदेव का प्रकाश पर्व अत्यंत श्रद्धा, प्रेम और सेवा भाव के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत में गुरुद्वारा साहिब के ग्रंथी बलबीर सिंह ने 'वाहेगुरु' सिमरन और गुरबाणी का पाठ कर वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। जींद के विधायक एवं हरियाणा विधानसभा के सीनियर डिप्टी स्पीकर किशन मिड्ढा ने कहा कि गुरु नानकदेव ने मानवता, सेवा, समानता और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है। एडवोकेट अविनाश सरदाना ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने मानवता को सेवा, समानता, सत्य और प्रेम का अनमोल संदेश दिया। गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के प्रधान आशु कामरा ने गुरु साहिब की शिक्षा नाम जपो, किरत करो, वंड छको को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। गुरुद्वारा संयोजक जतिन वीर भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। नगर पार्षद हर्षदीप डूडेजा ने मत्था टेक कर गुरुपर्व की शुभकामनाएं दीं।



भिवानी। गुरुद्वारा में शबद कीर्तन करता रागी जत्था व उपस्थित श्रद्धालु।

### परसराम हेतराम स्कूल में मनाई जयंती

**चरखी दादरी ।** परसराम हेतराम स्कूल में गुरु नानक देव जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभात फेरी और गुरु वंदना से किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने गुरु नानक देव के उपदेश पर सुंदर भजन और कविताएं प्रस्तुत की। विद्यालय प्रांगण गुरु भक्ति के रंग में रंग गया। विद्यालय प्रधानाचार्य ओपी तिवारी ने कहा कि गुरु नानक देव ने मानवता, सत्य और समानता का संदेश दिया, जो आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।

### पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट ने दिव्यांग बच्चों को पहनाए जूते

**भिवानी।** पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट ने दिव्यांग बच्चों के लिए अनोखी पहल की है। ट्रस्ट ने एक जूता वितरण अभियान चलाया, जिसमें 40 जरूरतमंद बच्चों को सर्दियों की शुरुआत में ही जूते भेंट किए। अभियान पुराना बस स्टैंड स्थित प्रयास शिक्षण संस्थान में चलाया। प्रयास शिक्षण संस्थान में गरीब परिवारों के विशेष प्रतिभा से संपन्न शारीरिक रूप से दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए शिक्षित किया जाता है। यहां पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्यों ने अपने हाथों से बच्चों को जूते पहनाएं। प्राचार्य संस्कृति जैन ने तारीफ करते हुए कहा कि विशेष प्रतिभा वाले इन बच्चों के लिए पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट ने सराहनीय कार्य किया है। इस अवसर पर मोनिका, सुशीला, शिखा, सुनीता, आशा, विरेंद्र सिंह मिंटू, श्रीनिवास, अभिषेक, अमन, साहिल आदि मौजूद रहे।



दिव्यांग बच्चों को जूते पहनाते पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र संभ्रवाल।

### होटल पर खाना खाने के बाद युवक की मौत

**लोहारू।** शहर के लोहारू-भिवानी रोड पर बहुतकनीकी कॉलेज के सामने एक होटल पर खाना खाने पहुंचे युवक की खाना खाने के बाद हालत बिगड़ गई। उसे आनन-फानन में होटल मालिक ने स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान नहीं हो पाई है। घटना की सूचना पर लोहारू थाना पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई। पुलिस ने मृतक युवक की पहचान कराने में आम लोगों से मदद की अपील की है। बहरहाल मृतक युवक के शव को स्थानीय अस्पताल के शव गृह में रखा गया है। बताया जाता है कि करीब 35 वर्षीय युवक अकसर होटल पर खाना खाने के लिए आता था।



भिवानी। एनएसएस शिविर को संबोधित करते सांसद धर्मबीर सिंह।

### सांसद ने युवाओं को दी राष्ट्रीय एकता की प्रेरणा

**भिवानी।** राजकीय मॉडल संस्कृत व.मा. विद्यालय लोहड़ में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के राष्ट्रीय एकता शिविर के छठे दिन का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलन एवं एनएसएस गीत के साथ हुआ। कार्यक्रम में सांसद धर्मबीर सिंह मुख्यातिथि के रूप में पधारे। कैम्प के मीडिया कॉर्डिनेटर रामधन शास्त्री रहे व मंच संचालन संस्कृत प्रवक्ता व कार्यक्रम अधिकारी नवीन कुमार ने किया। सांसद धर्मबीर सिंह ने युवाओं को पारिवारिक एकता एवं राष्ट्रीय एकता व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर आगरा जिले के जिला संयोजक रतन जैन, जिला हिसार के संयोजक नरेंद्र दुहन, फतेहाबाद के संयोजक रोहतास कुमार, भिवानी से सुरेश कुमार, डॉ. हरेंद्र पूनिया, जोगिंदर सुनील सिहाग संदीप शर्मा कविता, कुसुम, ज्योति, संदीप, सुमेर सिंह, नरेंद्र कुमार, शैलेंद्र वर्मा, तिलेश्वरी आदि मौजूद रहे।

### कार्तिक पूर्णिमा पर निकाली प्रभात फेरी

**भिवानी।** कार्तिक पूर्णिमा पर श्रीकृष्ण कृपा सेवा समिति एवं जिओ गीता परिवार की ओर से स्थानीय तेलीवाड़ा स्थित शिव मंदिर से भव्य प्रभात फेरी का आयोजन किया। यह आयोजन महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के आशीर्वाद से संपन्न हुआ। इस अवसर पर हनुमान जोहड़ी धाम के महंत चरणदास महाराज का पावन सानिध्य प्राप्त हुआ। प्रभात फेरी का शुभारंभ समिति के प्रधान नरेश आहूजा एवं महासचिव जेई बिजेश जावला की देखरेख में हुआ। भजन गायकों ओमप्रकाश दूरेजा, कुलभूषण, विनोद छाबड़ा, वेद मनचंदा और बिटिया चेष्टा ने श्रीकृष्ण भक्ति और गीता उपदेशों से ओतप्रोत भजनों से सभी को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। प्रभात फेरी तेलीवाडा शिव मंदिर से आरंभ होकर लाल दास मंदिर, दुर्गा मंदिर, अमरलाल मंदिर, लक्ष्मी नारायण मंदिर एवं हनुमान मंदिर से होते हुए पुनः शिव मंदिर में संपन्न हुई।



भिवानी। प्रभात फेरी में शामिल महंत चरणदास महाराज, जेई बिजेश जावला व अन्य।

## देश की आजादी व शिक्षा के क्षेत्र में बाबू बनारसी दास का अहम योगदान : सांसद धर्मबीर

# पूर्व सीएम बनारसी दास गुप्ता की जयंती पर हवन, समाधि स्थल पर दी श्रद्धांजलि

बाबू बनारसी दास ने पूरा जीवन लोगों की भलाई व सामाजिक कार्यों को किया समर्पित : सर्राफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पूर्व मुख्यमंत्री बनारसीदास गुप्ता की 108वीं जयंती पर बीडी गुप्ता पार्क में हवन यज्ञ किया और उनकी समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। हवन में सांसद धर्मबीर सिंह, विधायक घनश्यामदास सर्राफ, बीडी गुप्ता के सुपुत्र एवं बीडी गुप्ता फाउंडेशन के अध्यक्ष अजय गुप्ता, उनकी सुपुत्री प्रोमिला अग्रवाल, उनके पौत्र प्रियांश व पौत्र वधु इशता सहित शहर के अनेक गणमान्य लोगों ने हवन में आहुति डालकर एवं उनकी समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। बीडी गुप्ता पार्क में उनके समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित करते हुए भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि बाबू बनारसी दास गुप्ता ने सच्चे अर्थों में समाजसेवा की। वे न केवल सफल राजनीतिज्ञ थे, बल्कि महान स्वतन्त्रता सेनानी व प्रखर राष्ट्रवादी नेता भी थे। उन्होंने देश की आजादी एवं शिक्षा के क्षेत्र में जो योगदान दिया उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने सदैव निःस्वार्थ भाव से सर्वजातीय समाज को साथ लेकर समाज की सेवा की। भिवानी के विधायक घनश्यामदास सर्राफ ने कहा कि बाबूजी ने अपना पूरा जीवन लोगों की भलाई व सामाजिक कार्यों को समर्पित किया। उन्होंने कभी भी अपने फायदे के लिए राजनीति का प्रयोग नहीं किया। बीडी गुप्ता फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं स्वर्गीय बीडी गुप्ता के सुपुत्र अजय गुप्ता ने कहा कि बाबूजी ने हमेशा निष्काम भावना से कार्य किए। शिक्षा के प्रति विशेषकर महिला शिक्षा के उत्थान में उनके द्वारा किए कार्यों को हमेशा याद रखा जाएगा। वे सदा नारी शिक्षा के प्रबल समर्थक रहे। उन्होंने आदर्श महिला महाविद्यालय की नींव रखी। प्रोमिला अग्रवाल ने कहा कि बाबूजी ने अपना पूरा जीवन लोगों की भलाई व सामाजिक कार्यों को समर्पित किया। इस मौके पर पूर्व विधायक शशिरंजन परमार, समाजसेवी प्रवीण गर्ग, भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप गुलिया, अशोक बुवानीवाला, बृजलाल सर्राफ, सुंदरलाल गोटेवाला, प्रीतम अग्रवाल, कामरेड ओमप्रकाश, नरेश तंवर, पंडित जयभगवान शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



भिवानी। बीडी गुप्ता पार्क में पूर्व मुख्यमंत्री बनारसी दास गुप्ता की समाधि पर पुष्प अर्पित करते सांसद धर्मबीर सिंह, अजय बनारसी गुप्ता व अन्य।

### आदर्श महिला महाविद्यालय की रखी थी नींव

आदर्श महिला महाविद्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय बनारसी दास गुप्त की 108वीं जयंती बड़े श्रद्धाभाव से मनाई। इस अवसर पर उनके पुत्र अजय गुप्ता ने महाविद्यालय परिसर में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रबंधन समिति के महासचिव अशोक बुवानीवाला, सुंदरलाल अग्रवाल, शिवरत्न गुप्ता, उपप्राचार्या डॉ. अर्पणा बत्रा सहित लोगों ने स्वर्गीय बनारसी दास गुप्त की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### वैश्य महाविद्यालय में अर्पित किए पुष्प

वैश्य महाविद्यालय परिवार द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में पूर्व मुख्यमंत्री बीडी गुप्ता की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर वैश्य महाविद्यालय प्रबंधक समिति के अध्यक्ष अजय गुप्ता ने कहा कि बाबूजी समाज के रत्न थे, आज उनके द्वारा स्थापित अनेक संस्थाओं से निकले विद्यार्थी उच्च शिक्षा व ज्ञान के साथ देश सेवा में अपना अहम योगदान दे रहें हैं। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से बाबू बनारसीदास गुप्ता के सुपुत्र एवं समिति के अध्यक्ष अजय गुप्ता, वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के अध्यक्ष एडवोकेट शिवरत्न गुप्ता, वैश्य महाविद्यालय प्रबंधक समिति के महासचिव एवं विधायक घनश्यामदास सर्राफ, बृजलाल सर्राफ, प्राचार्य डॉ. संजय गोयल, डॉ. प्रोमिला सुहाग, समाजसेवी नंदकिशोर अग्रवाल, डॉ. अनिल तंवर, डॉ. श्रुति आदि मौजूद रहे।